बाजार द्वारा पट्टे पर लिए गए भवन क्षेत्रवार नीचे दिए गए हैं :–

1. केंद्रीय दिल्ली–32

2. दक्षिण दिल्ली–23

3. पश्चिमी दिल्ली–9

4. दक्षिण–पश्चिम दिल्ली–1

5. पूर्वी दिल्ली–14

(ख) एक।

(ग) 2 परिसरों के संबंध में खाली कराने की कार्यवाही शुरू की गई है और एक भवन के मामले में खाली करने का अनुरोध प्राप्त हुआ है।

(घ) सुपर बाजार ने पट्टे के आधार पर किराए पर लिए गए परिसरों के लिए किराए के रूप में 1990–91 में 24.19 लाख रुपए, 1991–92 में 30.31 लाख रुपए तथा 1992–93 में 33.39 लाख रुपए का भुगतान किया है।

Pension scheme for Super Bazar employees

6212. SHRIMATI CHANDRIKA ABHINANDAN JAIN: Will the Minister of CIVIL SUPPLIES, CONSUMER AFFAIRS AND PUBLIC DISTRIBUTION be pleased to state:

(a) whether there is any proposal under Government's consideration to award pension to all workers and employees of the Super Bazar after they reach the age of sixty years;

(b) if so, what are the details thereof;

(c) if not, the measures proposed to be taken to extend a pension scheme plan for the workers and employees of the Super Bazar after they reach the age of sixty years;

(d) whether there is any provisions of allocation of special funds in yearly plan outlay of Super Bazar and on profit share: and

(e) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF CIVIL SUPPLIES, CONSUMER AFFAIRS AND PUBLIC DISTRIBUTION (SHRI KAMALUDDIN AHMED): (a) to (e) There is no such proposal. The Cooperative Store Ltd., Delhi popularly known as Super Bazar is a cooperative society registered under the Delhi State Cooperative Societies Act and rules and bye laws framed thereunder. It is an autonomous cooperative institution governed by its own rules.

सुपर बाजार द्वारा किया गया निवेश

6213. **श्रीमती चन्द्रिका अभिनन्दन जैन : क्या नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों के दौरान सुपर बाजार द्वारा कुल कितना निवेश किया गया है ;

(ख) सुपर बाजार द्वारा गत तीन वर्षों के दौरान वर्ष-वार कितनी बिक्री की गई और उसे कितना लाभ अथवा हानि हुई ;

(ग) क्या गत तीन वर्षों के दौरान सुपर बाजार ने शेयर जारी करके धन एकत्र किया है ;

(घ) क्या सरकार सुपर बाजार को पूर्ण रूप से निजी क्षेत्र को सौंपने का विचार रखती है ;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और

(च) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?